Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779




Thu- 23 April - 2026 | Year - 01 | Issue - 17 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# छात्रों का तनाव कम करने की बड़ी पहल: क्रैक एकेडमी ने 200 स्कूलों में AIRRP शुरू किया



बढ़ते शैक्षणिक दबाव और कोचिंग के बढ़ते बोझ के बीच छात्रों को राहत देने के उद्देश्य से क्रैक एकेडमी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने "एकेडमिक इंटीग्रेटेड रिजल्ट्स एंड रेडीनेस प्रोग्राम" (AIRRP) की शुरुआत की है, जिसे देशभर के 200 स्कूलों में लागू किया जाएगा।

## चंडीगढ़ में सफाई अभियान हुआ तेज!!



चंडीगढ़ — ऑटोमोबाइल और मोबिलिटी सेक्टर में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने एविस इंडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत में कॉर्पोरेट मोबिलिटी, लीजिंग और सब्सक्रिप्शन आधारित सेवाओं को और अधिक मजबूत एवं सुलभ बनाना है।

इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां मिलकर इंटीग्रेटेड लीजिंग और सब्सक्रिप्शन सॉल्यूशंस पेश करेंगी, जिससे ग्राहकों को फ्लेक्सिबल और एसेट-लाइट मोबिलिटी विकल्प मिल सकें। वर्तमान समय में कंपनियां ऐसे मॉडलों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं, जहां वाहन खरीदने के बजाय उन्हें किराये या सब्सक्रिप्शन पर लेना अधिक सुविधाजनक|

# छात्रों का तनाव कम करने की बड़ी पहल: क्रैक एकेडमी ने 200 स्कूलों में AIRRP शुरू किया



पंचकूला — जरूरतमंद और वंचित किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से न्यू सक्षम वेलफेयर संस्था द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। संस्था की राष्ट्रीय प्रधान पूजा बरार ने अपनी टीम के साथ मिलकर सेक्टर 46/A के सरकारी स्कूल में निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण अभियान की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को न केवल मुफ्त सेनेटरी पैड दिए गए, बल्कि उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान टीम ने बच्चियों को समझाया कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखना क्यों आवश्यक है। उन्हें बताया गया कि गंदे कपड़े का उपयोग करने से बैक्टीरिया पनपते हैं, जिससे संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कई मामलों में ये संक्रमण गर्भाशय तक पहुंचकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं, यहां तक कि कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण भी बन सकते हैं।

टीम की सदस्य सोनम गर्ग ने बच्चियों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मासिक धर्म के दौरान किन-किन सावधानियों का पालन करना चाहिए, जैसे समय-समय पर पैड बदलना, साफ-सफाई का ध्यान रखना और किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना। उन्होंने यह भी जोर दिया कि सही जानकारी के अभाव में कई लड़कियां गलत तरीकों का इस्तेमाल करती हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

पूजा बरार ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म अपनाने के लिए|

# सर्जिकल ग्लू से ट्राइसिटी का पहला लेप्रोस्कोपिक इनगुइनल हर्निया ऑपरेशन सफल

पंचकूला — मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पार्क हॉस्पिटल, पंचकूला ने ट्राइसिटी में पहली बार सर्जिकल ग्लू की मदद से लेप्रोस्कोपिक इनगुइनल हर्निया ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया है। इस अत्याधुनिक प्रक्रिया में मेश फिक्सेशन और पेरिटोनियल फ्लैप क्लोजर के लिए आईएफएबाउंड सर्जिकल ग्लू का उपयोग किया गया, जो पारंपरिक सर्जरी तकनीकों की तुलना में अधिक सुरक्षित और प्रभावी माना जा रहा है।

यह जटिल सर्जरी अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जरी विभाग के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुवीर के. गुप्ता और उनकी अनुभवी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस नई तकनीक ने पारंपरिक टांकों और कांटेदार टांकों की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है, जिससे सर्जरी प्रक्रिया अधिक



सरल, सटीक और रोगी-अनुकूल बन गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सर्जिकल ग्लू के उपयोग से ऊतकों को कम नुकसान पहुंचता है, ऑपरेशन का समय घटता है और मरीजों को ऑपरेशन के बाद कम दर्द का सामना करना पड़ता है। साथ ही, रिकवरी की प्रक्रिया भी तेज और सहज होती है, जिससे मरीज जल्दी सामान्य जीवन में लौट सकते हैं।

डॉ. सुवीर के. गुप्ता ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा में साक्ष्य-आधारित और नवाचारपूर्ण तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। इससे न केवल इलाज के परिणाम बेहतर होते हैं, बल्कि उन्नत उपचार आम लोगों के लिए अधिक सुलभ और किफायती भी बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

इस उन्नत सर्जरी के प्रमुख लाभों में कम ऑपरेशन समय, कम दर्द और बेहतर रिकवरी शामिल हैं। विशेषज्ञों ने हर्निया के प्रति जागरूकता बढ़ाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जांघ या पेट के निचले हिस्से में सूजन या असहजता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। वजन उठाते या खांसते समय दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है।

## नगर निगम की लापरवाही उजागर: चंडीगढ़ में जल आपूर्ति व्यवस्था संकट में!!



चंडीगढ़, 23 अप्रैल — गर्मी की शुरुआत के साथ ही शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। पानी का प्रेशर लगातार घट रहा है, जिससे खासकर पहली और दूसरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में पर्याप्त पानी न मिलने के कारण लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है और स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है।

इसी समस्या को लेकर नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी और पार्षद प्रेमलता ने सेक्टर-39 और सेक्टर-37 स्थित पब्लिक हेल्थ वाटर वर्क्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।


पार्षदों ने कहा कि जब नागरिकों को मूलभूत सुविधा के रूप में पर्याप्त पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा, तो हर वर्ष पानी के बिलों में बढ़ोतरी करना अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि अभी तो गर्मी की शुरुआत है और जल संकट पहले ही विकराल रूप ले रहा है, ऐसे में आने वाले महीनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।पानी की कमी के चलते लोग टैंकरों पर निर्भर हो गए हैं, लेकिन टैंकर भी 7 से 8 घंटे की देरी से पहुंच रहे हैं। इससे घरों, स्कूलों और विशेषकर बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

Authorised Dealer/Distributor

Industrial Pumps | Mechanical Seals | Pump Spares






A. M. ENGINEERING
279, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh 160002
+91-9417455482
+91-9878316683
am.engg@yahoo.com
info@amengineering.in




Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. RNI Number: PBBIL/26/A0779.